दिनांक 28.07.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सोशल डिस्टेसिंग का पालन नहीं होने पर साप्ताहिक बाजार को कराया बंद, लाॅकडाउन में हुडको और मंगल बाजार कोहका में सुबह 6 बजे से लग गई थी बाजार, निगम और पुलिस प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई

भिलाई नगर। नगर पालिक निगम और पुलिस प्रशासन की टीम ने सोशल डिस्टेसिंग का पालन नहीं होने पर दो स्थानों के साप्ताहिक बाजार को बंद कराया गया। लोगों को सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए पसरा लगाने एवं सब्जी भाजी की खरीददारी करने की अपील की।
जोन-1 नेहरू नगर के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार को वार्ड- 9 मंगल बाजार कोहका और वार्ड- 70 शहीद कौशल यादव में बाजार लगती है। हर सप्ताह की तरह इस मंगलवार को भी दोनों जगहों पर सुबह 6 बजे से बाजार लग गई थी। पुलिस बल के साथ जोन-1 के राजस्व विभाग की टीम सुबह 8 बजे मंगल बाजार कोहका पहुंची तो पाया कि लोग यहां बिना मास्क के बाजार में घूम रहे हैं। सोशल डिस्टेसिंग का पालन भी नहीं कर रहे हैं।

एक व्यापारी के पास 5 से 6 लोग सब्जी भाजी खरीदने के लिए खड़े हुए हैं। एक दूसरे से टकरा रहे हैं। इस तरह की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे की टीम ने लगभग आधा घंटा लोगों को दूरी बनाकर खरीददारी करने की अपील की। फुटकर व्यापारियों को दूरी बनाकर पसरा लगाने की समझाइश देने का प्रयास भी किया। इसके बावजूद लोग नहीं माने। तब पुलिस बल और निगम की टीम ने व्यापारियों को अपना सामान समेटने की चेतावनी देते हुए बाजार को बंद कराया। इसी तरह की कार्रवाई हुडको में भी की गई।

वहीं रोड के किनारे बैठे फुटकर सब्जी विक्रेताओं को निर्धारित समय तक दुकान लगाने की चेतावनी दी गई। कार्रवाई के दौरान वार्ड प्रभारी यातराम चंद्राकर , सुरेश निसार , ओमप्रकाश चंद्राकर, मोहन वर्मा, राजेश गुप्ता, सुपेला थाना और सिटी कोतवाली पुलिस के जवान मौजूद रहे। आईटीआई ग्राउंड में लग रहा है बाजार आईटीआई ग्राउंड पावर हाउस में बाजार लगना शुरू हो गया है। यहां लोग सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए सब्जी भाजी की खरीददारी कर रहे हैं। वहीं जोन-3 और जोन-4 के राजस्व विभाग की टीम सोशल डिस्टेसिंग के साथ बाजार की साफ-सफाई और पार्किंग की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। कलेक्टर डाॅ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कोरोना के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस सब्जी मार्केट को बंद कर अन्य व्यवस्था करने के निर्देश

दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के मुताबिक आईटीआई ग्राउंड में सब्जी भाजी और छावनी थाना के पीछे के मैदान में हाथ ठेला एवं फल दुकानों की व्यवस्था की गई है।